विद्यालय स्तरीय परीक्षा

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

## कक्षा: 6 वीं से 8 वीं

## सत्र 2025-26

## सेट– C

**प्रश्नों की संख्या : 50** **समय: 1 घंटे 30 मिनट**

**अधिकतम अंक: 50**

**1. समुद्र मंथन के समय निकले 14 रत्नों में से प्रथम रत्न कौन सा था?**
(अ) ऐरावत हाथी (ब) अमृत
(स) कामधेनु (स) उच्चैःश्रवा घोड़ा।

**2. समुद्र मंथन से उत्पन्न 'सुभद्रा' गाय का क्या अर्थ है?**
(अ) कल्याण करने वाली (ब) आनंद देने वाली
(स) कष्ट दूर करने वाली (द) मनोकामना पूर्ण करने वाली ।

**3. भगवान ब्रह्माजी ने गायों को कौन सा सर्वोच्च लोक प्रदान किया?**
(अ) स्वर्ग लोक (ब) गो लोक
(स) देव लोक (द) ब्रह्म लोक।

**4. 'गावो विश्वस्य मातरः' का अर्थ क्या है?**
(अ) गाय गाँव की माता है
(ब) गाय पशुओं की माता है
(स) गाय केवल भारत की माता है
(द) गाय चराचर जगत की माता है।

**5. गौ माता के पैरों में किसका वास माना गया है?**
(अ) पर्वतों का (ब) समस्त तीर्थों का
(स) नदियों का (द) वनस्पति का।

**6. ''गौ संपत्ति का भण्डार है'', यह किस वेद में कहा गया है?**
(अ) ऋग्वेद (ब) यजुर्वेद (स) सामवेद (स) अथर्ववेद।

**7. ऋषि वामदेव गौतम के अनुसार कौन सी वस्तुएँ देवता के समान पूजनीय हैं?**
(अ) केवल अग्नि और सूर्य (ब) अग्नि, सूर्य, जल और गाय
(स) केवल जल और वायु (द) इनमें से कोई नहीं।

**8. प्राचीन काल में वंश परिचय के लिए प्रयुक्त 'गोत्र' शब्द का आधार क्या था?**
(अ) नगरों के नाम (ब) गौशाला या गोत्रपति का नाम
(स) नदियों के नाम (द) युद्धों के नाम।

**9. पद्मपुराण के अनुसार गाय की केवल एक परिक्रमा करने से मनुष्य को क्या प्राप्त होता है?**
(अ) अक्षय स्वर्ग (ब) अपार धन
(स) विजय (द) मान–सम्मान।

**10. महाराज दशरथ ने पुत्र कामेष्ठी यज्ञ के समय कितनी गौएँ दान की थीं?**
(अ) एक लाख (ब) पाँच लाख
(स) दस लाख (द) दो लाख।

**11. भगवान श्रीराम ने विप्र, धेनु, सुर और संतों के हित के लिए क्या किया था?**
(अ) राजपाट त्याग दिया (ब) अवतार लिया
(स) वनवास गए (द) इनमें से कोई नहीं।

**12. वनवास के दौरान भरत जी आध्यात्मिक उन्नति के लिए अन्न के साथ किसका सेवन करते थे?**
(अ) फल का रस (ब) गंगा जल
(स) शहद (द) गौ मूत्र।

**13. श्रीकृष्ण गायों के पालक होने के कारण किस नाम से प्रसिद्ध हुए?**
(अ) बनवारी (ब) गोपाल (स) मुरारी (द) चक्रधारी।

**14. नन्द बाबा के पास कुल कितनी गौएँ थीं?**
(अ) पाँच लाख (ब) नौ लाख (स) दस लाख (द) एक करोड़।

**15. यशोदा माता बालकृष्ण के भाल (माथे) पर किसका तिलक लगाती थीं?**
(अ) रोली का (ब) गोरोचन का(स) चंदन का (द) मिट्टी का।

**16. जबालापुत्र सत्यकाम को गुरु ने कितनी निर्बल गायें सेवा के लिए दी थीं?**
(अ) सौ (ब) चार सौ (स) पाँच सौ (द) एक हजार।

**17. सत्यकाम जाबाल को ब्रह्मा के प्रथम पाद 'प्रकाशस्वरूप' का उपदेश किसने दिया ?**
(अ) अग्नि न (ब) हंस ने (स) वृषभ ने (द) जलमुर्ग ने।

**18. राजा दिलीप किस गौमाता की सेवा के लिए वन जाते थे?**
(अ) सुरभि (ब) नन्दिनी (स) कामधेनु (द) सुशीला।

**19. राजा दिलीप ने नन्दिनी की सेवा कुल कितने दिनों तक की थी?**
(अ) दस दिन (ब) बारह दिन
(स) इक्कीस दिन (द) तीस दिन।

**20. अज्ञातवास के दौरान सहदेव राजा विराट के यहाँ किस नाम से गौ–निरीक्षक थे?**
(अ) कंक (ब) तन्तिपाल (स) ग्रन्थिक (द) वल्लभ।

**21. राजा विराट के पास उत्तम जाति की कितनी गौएँ थीं?**
(अ) एक लाख (ब) दो लाख (स) पाँच लाख (द) दस लाख।

**22. सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में बैलों के संबंध में क्या बंद करवा दिया था?**
(अ) खेती में उपयोग (ब) बधिया करने की प्रथा
(स) सवारी करना (द) इनमें से कोई नहीं।

**23. प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का पवित्र चिन्ह क्या है?**
(अ) सिंह (ब) हाथी (स) बैल (द) सर्प।

**24. ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था?**
(अ) गिरजाघर में (ब) महल में
(स) मंदिर में (द) गौशाला में।

**25. ''यह खालसा पंथ धर्म, गौ, साधु और गरीबों की रक्षा के लिए है'', यह किसने कहा था?**
(अ) गुरु गोविन्द सिंह (ब) गुरु नानक देव
(स) गुरु तेगबहादुर (द) गुरु अर्जुन देव।

**26. गौ माता के मुख से कौन से दो दिव्य शब्द निकले हैं?**
(अ) श्री और जय (ब) 'ॐ' और 'माँ'
(स) सत्य और धर्म (द) राम और नाम।

**27. किस भारतीय प्रधानमंत्री ने बनारस में गौ सेवासंघ गौशाला की स्थापना की?**
(अ) जवाहरलाल नेहरू (ब) लालबहादुर शास्त्री
(स) इंदिरा गांधी (द) अटल बिहारी वाजपेयी।

**28. महर्षि दधिची की अस्थि से इन्द्र का वज्र किसकी कृपा से बना था?**
(अ) ऋषियों की (ब) देवताओं की
(स) गौ माता की (द) अग्नि देव की।

**29. गायों का एक विभाजन उनके दूध और बछड़ों के गुणों के आधार पर कितने भागों में किया गया है?**
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच।

**30. अमृत महाल नस्ल के गौवंश का रंग कैसा होता है?**
(अ) सफेद (ब) काला (स) खाकी (द) लाल।

**31. थारपारकर नस्ल की गाय को भारतवर्ष की कैसी गाय माना जाता है?**
(अ) सबसे फुर्तीली (ब) सर्वश्रेष्ठ दुधारू
(स) सबसे क्रोधी (द) सबसे छोटी।

**32. छत्तीसगढ़ की किस गाय को राष्ट्रीय स्तर पर 36 वीं गोवंश नस्ल के रूप में पंजीकृत किया गया है?**
(अ) गिर (ब) कोसली (स) साहिवाल (द) हरियाणा।

**33. कोसली गाय का नाम किस प्राचीन नाम के आधार पर पड़ा है?**
(अ) बस्तर (ब) कौशल (स) मगध (द) रायपुर।

**34. कोसली नस्ल की गाय के दूध में फैट की अधिकतम मात्रा कितनी होती है?**
(अ) 2 प्रतिशत (ब) 3 प्रतिशत
(स) 4.5 प्रतिशत (द) 10 प्रतिशत।

**35. भारतीय देशी गाय का वह विशिष्ट लक्षण क्या है जो विदेशी गाय में नहीं होता?**
(अ) ककुद और गल कंबल (ब) बड़ा आकार
(स) काली खाल (द) लंबी पूँछ।

**36. विदेशी गायों का पूर्वज कौन सा जंगली हिंसक पशु माना जाता है?**
(अ) बाघ (ब) भालू (स) गैण्डा (द) 'यूरास'।

**37. देशी गाय कड़ी धूप में कितने घण्टे सुखपूर्वक रह सकती है?**
(अ) 2 घण्टे (ब) 8/10 घण्टे
(स) बिल्कुल नहीं (द) 1 घण्टा।

**38. वेदों में गाय के लिए किस शब्द का प्रयोग हुआ है जिसका अर्थ है 'जिसका वध न हो'?**
(अ) अग्रजा (ब) दुहिता (स) अध्न्या (द) गौमें।

**39. भैंस का दूध पचने में कैसा होता है?**
(अ) बहुत हल्का (ब) भारी
(स) मध्यम (द) इनमें से कोई नहीं।

**40. महात्मा गाँधी जी ने भैंस पालन से होने वाली किस हानि की ओर लोगों का ध्यान दिलाया था?**
(अ) आर्थिक हानि
(ब) गौ–वंश तथा कृषि का नुकसान
(स) केवल दूध की कमी
(द) केवल पानी की कमी।

**41. काली गाय का दूध किस दोष को नष्ट करने वाला और अधिक गुणवान होता है?**
(अ) वातनाशक (ब) पित्तनाशक
(स) कफनाशक (द) इनमें से कोई नहीं।

**42. गाय के दूध में कौन सा विटामिन हड्डियों को मजबूत करता है?**
(अ) विटामिन ए (ब) विटामिन सी
(स) विटामिन डी (द) विटामिन ई।

**43. गौघृत को वेदों में किस रूप में वर्णित किया गया है?**
(अ) ''आयुर्वैघृतम्'' (ब) अमृत द्रव्य
(स) महाऔषधि (द) स्वर्ण जल।

**44. आयुर्वेद के अनुसार देशी गाय के गौ–मूत्र में कितने रासायनिक तत्व पाए जाते हैं?**
(अ) 10 (ब) 16 (स) 50 (द) 24.

**45. गौ मूत्र में विद्यमान 'तांबा' (कॉपर) शरीर में क्या कार्य करता है?**
(अ) रक्त बढ़ाता है
(ब) अनुचित मेद (चर्बी) को बनने से रोकता है
(स) प्यास बुझाता है
(द) नींद बढ़ाता है।

**46. गौ मूत्र के अर्क का सेवन किस घातक बीमारी की दवाओं की क्षमता बढ़ाता है?**
(अ) सर्दी (ब) कैंसर (स) सिरदर्द (द) बुखार।

**47. गौ माता के गोबर (गोमय) में किस देवी का स्थायी निवास माना गया है?**
(अ) सरस्वती जी (ब) पार्वती जी
(स) लक्ष्मी जी (द) गंगा जी।

**48. गोबर की राख का मंजन करने से कौन सा रोग ठीक हो जाता है?**
(अ) पायरिया (ब) बुखार (स) पीलिया (द) खाँसी।

**49. स्वर्णप्राशन में बच्चे को घी और शहद के साथ क्या चटाया जाता है?**
(अ) चाँदी (ब) ताँबा (स) लोहा (द) सोना।

**50. स्वर्णप्राशन किस विशेष नक्षत्र में दिया जाना सबसे उत्तम माना गया है?**
(अ) रोहिणी नक्षत्र (ब) पुष्य नक्षत्र
(स) मघा नक्षत्र (द) अश्विनी नक्षत्र।

●●